वर्ष 26 अंक 220
पृष्ठ 22+4=26
नई दिल्ली, मंगलवार
23 फरवरी 2016
राजधानी
मूल्य ₹ 5.00

दैनिक जागरण

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

राजनीति विज्ञान प्रश्नपत्र के लिए टिप्स

शिक्षक : चारू खेड़ा
स्कूल : एमएम पब्लिक स्कूल, पीतमपुरा

- राजनीति विज्ञान विषय की तैयारी के लिए एनसीईआरटी की किताबों का अध्ययन करें।
- इस विषय को समझने के लिए इसका गहराई से अध्ययन जरूरी है। तैयारी के लिए पर्याप्त समय जरूर निकालें।
- सैंपल पेपर की मदद से परीक्षा की तैयारी की जाए ताकि प्रश्नपत्र में आने वाले सवालों के प्रारूप और उन्हें समय पर हल करने का अभ्यास हो सके।
- प्रश्नपत्र में कुल 27 सवाल पूछे जाते है और इनके लिए 100 अंक निर्धारित है।
- प्रश्नपत्र में दीर्घउत्तरीय प्रश्नों के जवाब ध्यान से दें। इसमें शब्द सीमा की अनिवार्यता लागू रहती है और सवालों के चयन की राहत भी प्रश्नपत्र में विद्यार्थियों को दी जाती है।
- प्रश्नपत्र में तीन पैसेज आधारित सवाल भी पूछे जाते है। इसमें कार्टून, मैप आधारित सवाल रहते है। सभी सवाल सामान्यत: 5 अंकों के होते हैं।
- कार्टून आधारित सवाल एनसीईआरटी की किताब से आते हैं।
- सवाल के जवाब देते समय प्वाइंट्स के माध्यम से अपने जवाबों को स्पष्ट करते रहें, इससे अंक अच्छे प्राप्त होते हैं।
- राजनीति विज्ञान के विद्यार्थी किताबों के साथ-साथ विश्व की राजनीति के साथ-साथ भारतीय राजनीति पर भी बराबर नजर बनाए रखें।
- प्रश्नपत्र में बेहतर प्रदर्शन के लिए ताजा राजनीतिक घटनाक्रमों का भी अध्ययन करें, इससे समसामयिक विषय पर सवाल आने पर परेशानी का अनुभव नहीं होगा।